हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

12 सुल्लर में सरकारी स्कूल के छात्रों को अब मिलेगी कंप्यूटर की बेहतर शिक्षा



12 जिस हृदय में गुरु भक्ति प्रकट हो जाती है ....



## खबर संक्षेप

### पिकअप वैन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**तरावड़ी।** रविवार दोपहर को जी टी रोड पधाना गांव के पास एक बाइक सवार को पिकअप वैन की टक्कर होने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के भाई ने बताया कि दीपू सुपुत्र रघुवीर सिंह निवासी बोहला खालसा, उम्र 25 साल जो कि गांव से करनाल की ओर जा रहा था जैसे ही जीटी रोड पर चढने लगा तो सामने से आ रही पिकअप वैन ने टकरा गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

### पानीपत में हादसे में महिला की मौत

**पानीपत।** पानीपत में जीटी रोड पर पुलिस लाइन के सामने तेज रफ्तार वाहन ने मंगला मुखी को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। मंगला मुखी पानीपत लाइन के पास किराये के मकान में रहती थी। इधर, सेक्टर 29 थाना पुलिस ने हिना अहमद मूल निवासी गांव अमुलिया जिला उत्तर 24 प्रंगना पश्चिम बंगाल हाल निवासी पानीपत की शिकायत पर अज्ञात वाहन के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### समालखा कस्बे में हादसे में घायल की मौत

**पानीपत।** पानीपत के समालखा कस्बे में जीटी रोड पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार कृष्ण धीमान निवासी गुरू नानक मोहल्ला डिवाइडर में जा भिड़ा। घायल को सिविल अस्पताल से रेफर किए जाने के बाद परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए। जहां इलाज के तीसरे दिन उसकी मौत हो गई।

### पुलिस ने मुक्त करवाए छह मवेशी

यमुनानगर। मवेशियों को महेंद्रा पिकअप में भरकर वध के लिए यूपी ले जा रहे दो पशुतस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से पुलिस ने छह मवेशी बरामद किए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

*शक्ति महोत्सव 8 से शुरू होकर 23 अप्रैल तक चलेगा*

# नवरात्र के उपलक्ष्य में आज भद्रकाली मंदिर से निकलेगी विशाल शोभायात्रा, 21 देशों के फूलों से सजेगी मां की पालकी

तरूण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर, कुरुक्षेत्र में नवरात्रि महोत्सव की लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। इस साल माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में शक्ति महोत्सव 8 अप्रैल से शुरू होकर 23 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक नवरात्रि मनाए जाएंगे। शक्ति महोत्सव में विशेष तौर पर 8 अप्रैल को हरियाणा की सबसे बड़ी धार्मिक शोभायात्रा में माँ का अद्भुत तिलक लांच किया जाएगा व 9 अप्रैल को हमारे गौरवशाली हिन्दू नव वर्ष को बुर्ज खलीफा स्टाइल में भव्य आतिशबाजी होगी।

**खास बातें**
- प्रथम नवरात्र पर मंदिर में 108 फुट ऊंचे गुंबद पर बुर्ज खलीफा स्टाइल में होगी भव्य आतिशबाजी

**56 भोग का प्रसाद भी माँ भद्रकाली को लगाया जाएगा**

पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि इस बार माँ भद्रकाली के दरबार को विशेष देशी विदेशी पुष्प सज्जा से सुसज्जित किया जाएगा। माँ भद्रकाली जी की रजत पालकी पर 21 देशों का फूल लगेगा। जिसके लिए एमिल पुष्प श्रृंगार की 30 सदस्यीय टीम मंदिर पहुंच चुकी है। इन फूलों की महक माँ भद्रकाली जी के दरबार में चार चांद लगा देगी। भक्तों को, विशेषतौर पर नौजवानों को सेवा के लिए प्रेरित करने के लिए एक सेल्फी बूथ भी बनाया जाएगा। प्रथम नवरात्र पर और अष्टमी पर 56 भोग का प्रसाद भी माँ भद्रकाली जी को लगाया जाएगा, जिसमें ड्राई फ्रूट्स, मिठाइयां, फल इत्यादि विशेष पकवान रखें जाएंगे।



कुरुक्षेत्र। सेवकों की ड्यूटी लगाते भद्रकाली मंदिर के पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा।

प्रथम नवरात्रि 9 अप्रैल, मंगलवार को होने वाले हिन्दू नव वर्ष अभिनंदन के लिए पटाखे की 5 सदस्य टीम भी 4 अप्रैल को ही मंदिर पहुंच चुकी है और 5 दिन की अथक मेहनत से माँ भद्रकाली जी के 108 फुट ऊंचे गुंबद को विश्व प्रसिद्ध बुर्ज खलीफा स्टाइल में भव्य आतिशबाजी के लिए तैयार करेंगे और इस कार्यक्रम को कामयाब करेंगे। टीम का नेतृत्व नरेन्द्र कुमार शाहबाद द्वारा किया जा रहा है।

**मां व ॐ की आकृति बनाई जाएगी**

इस बार पटाखों से माँ व ॐ की आकृति बनाई जाएगी। विशेषतौर पर कोल्ड फायर का ही इस्तेमाल किया जाएगा। भक्तों की सुविधा के लिए व्यूइंग पॉइंट ऊपर छत पर, मुख्य सड़क पर, व तालाब साइड सड़क बनाई गई है। उन्होंने सभी भक्तों से निवेदन किया है कि सेवक मंडल के सभी सदस्य भक्तों की सहूलियत के लिए सभी उपयुक्त इंतजाम कर रहे है, इसलिए आप भी नियमों का पालन करें। उन्होंने यह भी बताया कि मां भद्रकाली जी के सभी भक्त प्रतिदिन दिनभर दिलभर दर्शन /"फास्टवे केबल/" के चैनल नंबर 241 पर कर सकते हैं व प्रत्येक कार्यक्रम का लाइव प्रसारण मंदिर के फेसबुक पेज पर भी किया जाएगा। पार्किंग की व्यवस्था मंदिर में व जिंदल पार्क में होगी, जहाँ पर मुफ्त ई-रिक्शा चलाई जाएगी। इस मौके पर प्रो हेमराज शर्मा, शिमला देवी, शकुंतला रानी, मीना जोशी, जीवन मौदगिल, देवेंद्र गर्ग, रामपाल लाठर, संजीव मित्तल, हाकम चौधरी, डॉ अन्नु पौल शर्मा, निकुंज शर्मा, आशीष दीक्षित, राजेन्द्र कुमार, इत्यादि सेवक उपस्थित रहे और सोमवार को होने वाली शोभायात्रा की तैयारियों का निरीक्षण किया।

# पेपर एंड बोर्ड फैक्ट्री में लगी आग से लाखों का नुकसान



लाडवा। फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाते दमकल कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

पिपली-लाडवा रोड पर स्थित इन्सां पेपर एंड बोर्ड मिल्स में आग लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। देखते ही देखते आग ने भयानक रूप धारण कर लिया और पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता था कि लाडवा से पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से आग नहीं बुझाई गई, तो कुरुक्षेत्र से फायर ब्रिगेड की 2 और गाड़ियां बुलाई गई। फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इन्सां पेपर एंड बोर्ड मिल्स के मालिक जसबीर सिंह इन्सां ने बताया कि पिपली-लाडवा रोड पर गांव सोंटी के नजदीक उसकी मिल्स है। अचानक दोपहर करीब एक बजे उसकी फैक्टरी में भयंकर आग लग गई। आग लगने के कारणो का अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि अचानक लगी आग में उसका लाखों का नुकसान हुआ है। जिसमें बॉयलर सिस्टम, मशीन, पैनल, इलेक्ट्रिक पैनल, कंट्रोल पैनल और कई हजार किवंटल सुखी पराली भी जल कर राख हो गई। आग लगने से फैक्ट्री की बिल्डिंग को भी भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि आग लगने से नुकसान का अभी सही आंकलन नहीं हो पाया। थाना प्रभारी नरेश कुमार से जब इस बारे बात की, तो उन्होंने बताया कि जैसे ही पुलिस को फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली, तो पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की सहायता से आग पर काबू पाया गया।

- फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

# चैत्र चौदस मेले में श्रद्धालुओं ने पवित्र सरस्वती तीर्थ में लगाई श्रद्धा की डुबकी

## श्रद्धालु हर वर्ष चैत्र चौदस में आते हैं पितरों की आत्मिक शांति के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

ऐतिहासिक धर्मनगरी पिहोवा के सरस्वती तीर्थ पर चैत्र चौदस मेले के यादगार लम्हों ने हिंदू और सिख समुदाय के लोगों को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। दोनों समुदाय के लोग इस तीर्थ के पवित्र जल में एक साथ डुबकी लगाकर अपने पितरों की शांति के लिए कामना करते नजर आ रहे हैं। चैत्र चौदस मेले के दूसरे दिन सुबह होते ही हिंदू सिख एकता का दृश्य हजारों साल पुरानी परंपरा को बयां कर रहा था। रोचक पहलू यह है कि राजस्थान-हिमाचल और पंजाब से आने वाले कुछ परिवार पूरे एक साल इस मेले के आने का इंतजार करते है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि वे हर वर्ष चैत्र चौदस मेले में पितरों की आत्मिक शांति के लिए आते है। पिहोवा में सिखों के प्रथम गुरु नानक देव जी, छठी पातशाही गुरु हरगोबिंद, नौवीं पातशाही गुरु तेग बहादुर व 10वीं पातशाही गुरु गोबिंद सिंह जी ने इस पवित्र शहर में आए। इस प्रकार भगवान शिव शंकर, भगवान श्री कृष्ण सहित अनेक देवी देवताओं ने इस धर्म नगरी में आए थे।

- यादगार लम्हों ने हिंदू और सिख समुदाय के लोगों को एक सूत्र में पिरोने का काम किया





पिहोवा। सरस्वती तीर्थ में स्नान करते श्रद्धालु व लंगर की सेवा करते समाजसेवी विकास गर्ग एवं भारत विकास परिषद के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं ने लगाए भंडारे

नगर की अनेक धार्मिक संस्थाओं एवं धर्म प्रेमियों की ओर से रविवार को यहां चैत्र चतुर्दशी के पावन मौके पर आने वाले यात्रियों के लिए ब्रह्मयोनी रोड, माता बाला सुंदरी मंदिर, अनाज मंडी, अंबाला रोड आदि स्थानों पर जगह-जगह भंडारे लगाए गए थे। धर्मस्थलों पर चल रहे धार्मिक समागम, भजन कीर्तन, पूजा पाठ व भंडारो आदि से संपूर्ण धर्म नगरी धार्मिक आस्था में डूबी दिखाई दी। लंगर लगाए जाने की सेवा भाव की इसी श्रृंखला में ब्रह्मयोनी रोड पर समाजसेवी विकास गर्ग परिवार की ओर से यात्रियों की सेवा में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भारत विकास परिषद की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अनाज मंडी में चैत्र चौदस मेले के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान ज्ञान भूषण पपनेजा, सचिव राकेश खुराना, कोषाध्यक्ष सोनू मंगला, देव पूर्णिमा, सतीश छाबड़ा, वेद प्रकाश गर्ग, मेघराज गर्ग, चंद्र प्रकाश वर्मा, सुरेश बंसल, नवीन गर्ग, मंसाराम गुप्ता, रामविलास, बलविंदर सैनी, कर्ण चावला अनुज गर्ग, अजय रोहिल्ला सहित अन्य मातृ शक्ति भी भंडारे में सेवा करते रहे। माता बाला सुंदरी मंदिर में भी अटूट भंडारे की व्यवस्था जारी रही।

# एनएच 152-डी के अवार्ड घोषित करने के तीन महीने बाद भी नहीं मिल रही नकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय द्वारा नियुक्त मध्यस्थ-सह-उपायुक्त ने नारनौल से इस्माईलाबाद तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 152-डी के निर्माण के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा अधग्रिहीत की गई भूमि की मुआवजा राशि बढ़वाने और उनकी भूमि को दो भागों में विभाजित करने का हर्जाना देने की मांग करते हुए असंध उपमंडल के बिलोना, थल, खेड़ी शर्फ अलि, गंगाटेहडी, पोपड़ा, राहडा, बस्सी गांवों के सैंकड़ों भूस्वामियों द्वारा दायर किए गए 70 केसों को 12 व 16 जनवरी, 2024 को खारिज करते हुए अपना अवार्ड घोषित किया था, किंतु लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही उनका तबादला हो गया। भूस्वामियों का कहना है कि उन्हें अभी तक तीन महीने बाद भी अवार्ड की नकल नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि अवार्ड की नकल मांगने पर संबंधित कर्मचारी कहते हैं कि मध्यस्थ-सह-उपायुक्त का तबादला होने की वजह से अभी तक अवार्ड पर उनके हस्ताक्षर ही नहीं हुए हैं और जब तक उनके हस्ताक्षर नहीं होंगे तब तक नकल नहीं दे सकते हैं। इस संदर्भ में बातचीत करने पर जमीन अधग्रिहण मामलों के अधिवक्ता चौधरी शक्ति सिंह ने बताया कि कानून के अनुसार मध्यस्थ-सह-उपायुक्त की जिम्मदारी बनती है कि वह अपना अवार्ड घोषित करने के तुरंत बाद संबंधित भूस्वामियों/पक्षों को अवार्ड की सत्यापित प्रति उपलब्ध कराएं।

# प्रदेश के 124 पीएमश्री स्कूलों के शिक्षकों को आईआईटी टीचर सिखाएंगे पढ़ाने के रोचक तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के पीएमश्री स्कूलों में शिक्षा स्तर सुधारने, पढ़ाई को रोचक बनाने व सुविधाएं बढ़ाने के लिए सरकार प्रयासरत है। इसके तहत पीएमश्री स्कूलों के शिक्षकों को अब आईआईटी शिक्षक पढ़ाने के रोचक तरीके सिखाएंगे। यह विशेष प्रशिक्षण आईआईटी दिल्ली में दिया जाएगा। जिसके लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को पत्र जारी कर सभी जिलों के पीएमश्री स्कूलों से भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान व गणित के दो-दो शिक्षकों की सूची मांगी है। वही, प्रदेश भर में 124 पीएमश्री स्कूलों की शुरूआत की गई है। जिनमें पानीपत के छह स्कूल भी शामिल हैं। इन स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा स्तर सुधारने और विद्यार्थियों की पढ़ाई के प्रति उनकी रूचि बढ़ाने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। शुरूआती चरण में विद्यार्थियों को मुश्किल लगने वाले विषयों भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान व गणित के शिक्षकों को पढ़ाने के रोचक तरीके सिखाए जाएंगे, ताकि इन विषयों को विद्यार्थियों के लिए दिलचस्प बनाया जा सके। इसके बाद अन्य विषयों के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को उनके विषयों में पारंगत बनाना है। इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को सीबीएसई के पढ़ाई के तरीकों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी दी जाएगी। जिसमें विद्यार्थियों को रचनात्मक तरीके से पढ़ाने के गुर सिखाए जाएंगे। नए शिक्षा सत्र से सभी पीएमश्री स्कूलों को सीबीएसई में अपग्रेड किया जाएगा। इन स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पढ़ाई करवाई जाएगी।

- विशेष प्रशिक्षण आईआईटी दिल्ली में दिया जाएगा

# राजाखेडी के राजकीय स्कूल के क्लर्क ने 22 लाख का गबन किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव राजा खेडी के राजकीय स्कूल में लाखों रुपए के गबन का मामला सामने आया है। 2 साल में स्कूल के लिपिक ने 22 लाख 19 हजार 447 रुपये की राशि हड़प ली। किला थाना पुलिस को दी शिकायत में गांव राजाखेड़ी स्थित गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल सुमित्रा ने बताया कि स्कूल में लिपिक पद पर कपिल तैनात है। कपिल मूल रूप से गांव उगालन, जिला हिसार का रहने वाला है। जोकि हाल में कैलाश नगर, सेक्टर 13, कुरुक्षेत्र में रहता है। वह स्कूल में 6 फरवरी 2020 से बतौर लिपिक कार्यरत है। वही, लिपिक कपिल की जिम्मेदारी कक्षा इंचार्जों द्वारा विद्यार्थियों से ली गई फीस को इकट्ठा कर स्कूल के बैंक के बचत खाते में जमा करवाना है। स्कूल रिकॉर्ड देखने पर पता लगा कि जुलाई 2021 से जुलाई 2023 तक करीब 29 लाख 69 हजार 447 रुपये लिपिक कपिल द्वारा वीवीएन खाते में जमा नहीं कराए गए। उन्होंने बताया कि अवलोकन पर लिपिक द्वारा साढ़े 7 लाख रुपये 16 नवंबर 2023 को जमा करवाए गए। 21 फरवरी 2024 को स्कूल आदेश पुस्तिका के माध्यम से लिपिक कपिल को जल्द स्थिति स्पष्ट करने और बकाया 22 लाख 19 हजार 447 रुपये स्कूल खाते में तुरंत जमा करवाने के निर्देश दिए गए। लेकिन कपिल ने उक्त राशि जमा नहीं करवाई। प्रधानाचार्य सुमित्रा की शिकायत पर थाना किला पुलिस ने कपिल के खिलाफ धारा 409 और 420 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- प्रधानाचार्य की शिकायत पर केस दर्ज, पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

# वाटरकैनन बॉय और किसानों की रिहाई की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह ने वाटर कैनन बॉय नवदीप सिंह और अन्य किसानों की रिहाई की मांग को लेकर बीआर चौक पर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री का पुतला फूंककर अपना रोष जाहिर किया। रोष प्रदर्शन को इंडियन नेशनल लोकदल की महिला विंग की जिला अध्यक्ष तनुजा कुरुक्षेत्र ने अपना समर्थन दिया। तनुजा ने कहा कि भाजपा सरकार पहले दिन से ही किसान, गरीब, कमेरे, व्यापारी और मजदूरों के खिलाफ रही हैं। किसानों को बेवजह और झूठे मुकदमे दर्ज कर उन्हें जेलों में डालने का काम भाजपा सरकार कर रही हैं। युवा किसान नेता नवदीप सिंह व अन्य किसानों को मात्र इस प्रदर्शन करने की वजह जेलों में बंद किया है जो कि तानाशाही है। तनुजा ने कहा कि आज प्रदेश का तमाम वर्ग भाजपा सरकार की नीतियों के चलते परेशान हो चुका है। भाजपा को सबक सिखाने का देश व प्रदेश की जनता ने मन बना लिया है। निश्चित रूप से देश व प्रदेश की कमान ऐसी सरकार संभालेगी जो किसान गरीब मजदूर व्यापारी तमाम वर्ग के हित और उनकी रक्षा सुरक्षा पर काम करेगी। तनुजा ने कहा कि प्रदेश के एकमात्र नेता चौधरी अभी सिंह चौटाला जिन्होंने किसान गरीब मजदूर के हित के लिए अपने विधायक पद का त्याग कर उनकी आवाज को बुलंद करने का काम किया है। निश्चित रूप से कुरुक्षेत्र लोकसभा में चौधरी अभय सिंह चौटाला भारी मतों से जीत हासिल कर सत्ता में बैठे भाजपा और भाजपाइयों का गरुर तोड़ने का काम करेंगे।

- प्रदर्शन को इनेलो की महिला विंग की जिला अध्यक्ष ने भी अपना समर्थन दिया



कुरुक्षेत्र। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते किसान।

**विडंबना** | गर्मी में आगजनी रोकने के लिए पर्याप्त नहीं होते इंतजाम, किसानों को होता है नुकसान

*आग में जलकर राख हुई फसल का नहीं मिलता मुआवजा, दर-दर भटकने पर मजबूर होते हैं किसान*

# खेतों पर झूल रहे ढीले तार, एक चिंगारी कर देती है सोना खाक

भगवान सिंह राणा ▶▶| यमुनानगर

देश भर में गेहूं के उत्पादन में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर चुके हरियाणा में खेतों में खड़ा किसानों का पीला सोना सुरक्षित नहीं है। हर वर्ष अधिकांश स्थानों पर खेतों में खड़ा पीला सोना आगजनी की भेंट चढ़ जाता और किसानों की छह महीने की खून-पसीने से तैयार की गई मेहनत पर पानी फिर जाता है। खास बात तो यह है कि किसानों को आगजनी में स्वाहा हुई फसल का मुआवजा भी नहीं मिलता है और वह हाथ मसोस कर बैठ जाते हैं। किसानों की मानें तो आगजनी की घटनाएं सबसे ज्यादा खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों में शार्ट सर्किट होने से होती हैं। जिनका उपाय करना बेहद जरूरी है। सरकारी आंकड़ो पर गौर करें तो इस बार जिले में 80 हजार हेक्टेयर भूमि में गेहूं की फसल की पैदावार की गई है। फसल पूरी तरह पककर तैयार हो चुकी है। किसान गेहूं की फसल को समेटने में लगे हैं। अधिकांश खेतों में मजदूरों की कमी के चलते अभी भी कटाई शुरू नहीं हुई है। जिसे लेकर किसान चिंतित हैं। क्योंकि आए दिन तेज हवाओं के चलने से खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारें उनकी बर्बादी का कारण बन सकती हैं।

- आगजनी से किसानों की छह महीने की खून-पसीने से तैयार की गई मेहनत पर फिर जाता पानी



यमुनानगर में गेहूं के खेतों के ऊपर से गुजरती हुई बिजली की ढीली तारें।

### आगजनी के ये हैं कारण

विशेषज्ञों की मानें तो गेहूं के खेतों में आगजनी के प्रमुख दो कारण हैं। जिनमें पहला कारण अधिकांश खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों में शार्ट सर्किट होना व दूसरा किसानों द्वारा गेहूं की फसल के नजदीक धुम्रपान करना है। कुछ किसान गेहूं की कटाई के समय धुम्रपान करते हैं और बीड़ी अथवा सिगरेट को बिना बुझाए फेंक देते हैं। जिससे आगजनी की घटना हो जाती है।

### कैसे करें बचाव

कृषि विशेषज्ञों की मानें तो गेहूं की फसल पकने के बाद किसानों को सावधानियां बरतनी बेहद जरूरी हैं। खेतों के आसपास पानी की व्यवस्था करें। दूसरा आगजनी की घटना होते ही तुरंत दमकल विभाग को सूचना दें। पके हुए खेतों के आसपास तेज हवा के चलते धुम्रपान अथवा आग न जलाएं।

### नहीं मिलता मुआवजा

भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री रामबीर सिंह चौहान का कहना है कि आगजनी के नुक्सान की भरपाई के लिए किसानों को मुआवजा नहीं दिया जाता है। किसान मुआवजा पाने के लिए दर-दर भटकते हैं। लेकिन उन्हें हर बार निराशा ही हाथ लगती है। चौहान ने सरकार से आगजनी से हुए नुकसान की भरपाई के लिए अलग से बजट निर्धारित किए जाने की मांग की।

## खबर संक्षेप



### भाजपा युवा मोर्चा ने निकाली बाइक रैली

**यमुनानगर।** भाजपा युवा मोर्चा द्वारा जगाधरी शहर में मोटरसाइकिल रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिए जागरुक किया और भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने भाग लिया। उन्होंने रैली को भाजपा का ध्वज दिखाकर रवाना किया। मोटरसाइकिल रैली का नेतृत्व भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निशचल चौधरी ने किया। मोटरसाइकिल रैली जगाधरी के रामलीला भवन से शुरु होकर, सुंदरपुरी, डीडी अग्रवाल स्कूल, शर्मा टैंट हाउस व झंडा चौक से होते हुए जगाधरी के विभिन्न मार्गों से होते हुए अंत में भाजपा कार्यालय पर जाकर संपन्न हुई।

### लाइसेंस दिलवाने के नाम पर की ठगी

**यमुनानगर।** खाद्य आपूर्ति विभाग का डिपो का लाइसेंस दिलवाने के नाम पर गनौली निवासी रामपाल से एक व्यक्ति ने दो लाख 85 हजार रुपये ठग लिए। आरोप विभाग के तत्कालीन सब इंस्पेक्टर बालक राम पर लगा है। आरोपी बालक राम पर इसी तरह से लोगों को डिपो का लाइसेंस दिलवाने के नाम पर ठगी करने के अन्य केस दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधडी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### अधिकारियों ने मंडियों का निरीक्षण किया

**पानीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त पंकज कुमार ने मंडियों में रबी की फसलों की खरीद व्यवस्था का जायजा लेने के लिए शनिवार को गांव बाबरपुर, समालखा व पानीपत की अनाज मंडी का निरीक्षण किया। इदूसरी ओर, इसराना एसडीएम ज्योति मित्तल ने गेंहू व रबी की फसलों की खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शनिवार को इसराना और नौल्था अनाज मंडी का निरीक्षण किया।

# चुनाव प्रचार से दूरी बनाकर रखें अधिकारी व कर्मचारी, आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने की तिथि के बाद नया कार्य आरंभ नहीं किया जा सकता

डीसी ने टीमवर्क व तालमेल बनाकर चुनाव से संबंधित कार्य करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिला के अधिकारियों व कर्मचारियों से लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता की दृढ़ता से पालना करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव प्रचार से दूरी बनाकर रखने के लिए आदेश दिए हैं। उन्होंने रविवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए स्पष्ट किया कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी लोकसभा आम चुनाव के दौरान चुनाव प्रचार में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने विभिन्न इंजीनियरिंग विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए बताया कि आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने की तिथि के बाद कोई भी नया कार्य आरंभ नहीं किया जा सकता है। जो कार्य धरातल पर पहले से शुरू हैं वे ही जारी रहेंगे। उन्होंने बताया कि उपायुक्त कार्यालय की ओर से विभिन्न विभागों की विकास कार्य से संबंधित रिपोर्ट पहले ही मंगवा ली गई है।

### विभिन्न विभागों की विकास कार्य से संबंधित रिपोर्ट पहले ही मंगवा ली गई

#### सरकारी विश्राम गृहों का नहीं कर सकते उपयोग

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि जिला के सभी अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि विश्राम गृहों में कोई भी राजनीतिक गतिविधियां न हो। न ही उनकी पूर्व स्वीकृति के बिना विश्राम गृहों की बुकिंग की जाए। इसी प्रकार शिक्षण संस्थानों व धार्मिक स्थलों को भी चुनाव प्रचार के संबंध में प्रयोग नहीं किया जा सकता।

#### सभी अधिकारी व कर्मचारी चुनाव आयोग के रहेंगे अधीन

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि अब पूरी सरकारी मशीनरी भारत निर्वाचन आयोग की प्रतिनियुक्ति पर है। अधिकारियों व कर्मचारियों की भारत निर्वाचन आयोग के प्रति पूर्ण जवाबदेही है। उन्होंने कहा कि जिला में लोकसभा आम चुनाव का कार्य एक टीम भावना से पूरा करना होगा। लोकसभा आम चुनाव में जिला के प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी का कार्य अपनी जगह बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अगर टीम में पूर्ण तालमेल बना रहता है तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होता।



**यमुनानगर।** अपने कार्यालय में चुनाव आचार संहिता की पालना करने के बारे में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार।

#### बिना अनुमति नहीं लगा सकते होर्डिंग व पोस्टर

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी सरकारी व अर्ध सरकारी एवं निजी सम्पत्ति पर किसी प्रकार का कोई भी राजनीतिक संदेश, होर्डिंग, पोस्टर व वाल पेंटिंग आदि नहीं लगाई जा सकती है। दी हरियाणा प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट आफ प्रॉपर्टी एक्टए 1989, संशोधित अधिनियम 1996 के अनुसार ऐसा करना अपराध है। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने की हिदायत दी है कि उनसे संबंधित विभागीय सम्पत्ति पर कोई राजनीतिक होर्डिंग, पोस्टर व वॉल पेंटिंग आदि न लगे। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा पाया जाता है तो उसके विरूद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

### मारपीट के आरोप में युवकों के खिलाफ केस

**यमुनानगर।** जिले के छोटा लापरा में किसी काम से आए दो युवकों पर गांव के ही आधा दर्जन युवकों ने लाठियों व डंडों से हमला कर दिया। जिससे दोनों युवक घायल हो गए। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के गांव धधोंद मुस्त निवासी कुरबान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी बुआ के लड़के आशिक के साथ बाइक पर गांव छोटा लापरा में किसी काम से आया था। इस दौरान वहां पर उसकी छोटा लापरा निवासी शाहरूख, उस्मान, शहजाद, अकरम, असलम व मदन के साथ कहासुनी हो गई। इस दौरान आरोपियों ने उन पर लाठी व डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह तथा उसकी बुआ का लड़का घायल हो गए। अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी मौके से भाग गए।



**यमुनानगर।** वॉल पेंटिंग बनाकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरुक करते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

## विद्यार्थियों ने लोगों को मतदान करने के लिए किया जागरुक

- मतदाताओं की जागरूकता के लिए गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित की पेंटिंग प्रतियोगिता
- पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने जनता को वोट बनवाने व उसका प्रयोग करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन में रविवार को गुरु नानक खालसा कॉलेज में लोकसभा चुनाव मे अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी के लिए इंटर कॉलेज पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने वोट हमारा अधिकार है और इसके क्या लाभ है यह दर्शाया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य हरिन्द्र सिंह कंग ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विद्यार्थियों द्वारा इंटर कॉलेज पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता से विद्यार्थियों को जहां वोट के महत्व के बारे में जानकारी मिलेगी। वहीं दूसरी ओर वह अपने आस पास के लोगों को 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के बारे में जागरूक भी करेंगे। उन्होंने बताया कि पेंटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा यह भी दर्शाया गया कि लोकतंत्र में चुनाव का विशेष महत्व है जिस भी नागरिक की आयु 18 वर्ष हो चुकी है वह अपना वोट जरूर बनाएं और बनवाने के बाद वोट का प्रयोग भी जरूर करें।

### डीएवी गर्ल्स कॉलेज में दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

# पासआउट 1028 छात्राओं को स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियां प्रदान की गई

चुनौतियों से डरे नहीं बल्कि डट कर करें मुकाबला: प्रो. सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

डीएवी कॉलेज फॉर गर्ल्स कॉलेज में 59वें व 60वें वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने मुख्य अतिथि के रूप मे भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. मीनू जैन ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रजवलित करके व सरस्वती गान से किया गया। समारोह में मुख्यातिथि द्वारा शैक्षिक सत्र 2021 व 2022 के पासआउट 1028 छात्राओं को स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियां प्रदान की गई। मुख्यातिथि एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि स्वामी दयानन्द के सिद्धांतों पर आधारित इस डीएवी के दीक्षांत समारोह मे शामिल होकर वह गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। डीएवी गर्ल्स कॉलेज ने निरंतर प्रगति करते हुए विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है। यहाँ के विद्यार्थी न केवल शैक्षणिक बल्कि अन्य गतिविधियों मे भी विशेष उपलब्धियां प्राप्त कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि डीएवी गर्ल्स कॉलेज की उपलब्धियों का कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विकास मे योगदान है। उन्होंने डिग्री धारकों को समझाया कि आज से आपके नए सफर की शुरुआत है। आप हर क्षेत्र मे सफलता प्राप्त करें और उज्जवल भविष्य के लिए अनुशासित सकारात्मक दृष्टिकोण मूल्य, संस्कार संवेदनशीलता आदि गुणों को जरूर अपनाएं। भारत विश्व का सबसे युवा देश है।

आप राष्ट्र हित की भावना से कार्य करें, स्वदेशी पर बल दें और अपने देश को विकसित करने मे सहयोग दें। चुनौतियों से डरे नहीं बल्कि डट कर उनका मुकाबला करें और हर मुकाम हासिल करें। उन्होने डीएवियंस को परिभाषित किया डिसिप्लिन, एटीट्यूड, वैल्यू, इन्नोवेटिव, एडाप्टिव व नेशन फर्स्ट स्वदेशी मस्ट और आपको इन्हीं आदशोंर् पर चलना है। मौके पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. मीनू जैन ने महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल एवं अन्य गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

उन्होंने उपाधियां ग्रहण करने वाली छात्राओं को बधाई दी और और उन्हें शुभकॉमनाएं दी। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. मीनू जैन व अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. विनीत ने सभी डिग्रीधारको को अपनी डिग्री, शिक्षा के प्रति सत्यता एवं निष्ठा की शपथ दिलाई।



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित दीक्षांत समारोह में छात्राओं को उपाधियां प्रदान करते हुए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व प्राचार्या।

#### ये रहे मौजूद

प्रिंसिपल डॉ. मीनू जैन ने बताया कि दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 2020-21 के कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय की 489 स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियां प्रदान की गई। वहीं, शैक्षणिक सत्र 2021-22 की 539 छात्राओं को स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियां प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन गणित विभागाध्यक्षा संगीता गोयल एवं वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्षा डॉ. सुनीता कौशिक की देख रेख में हुआ। मंच संचालन संगीत विभागाध्यक्षा डॉ. नीता द्विवेदि ने किया। इस अवसर पर डीएवी प्रबंधक समिति के सदस्य वृंद, एमसी शर्मा व जीएस चोपड़ा आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** रादौर में गोगा माढ़ी परिसर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते स्थानीय लोग। *फोटो: हरिभूमि*

## स्वर्णकार एसोसिएशन ने भंडारे का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

स्वर्णकार एसोसिएशन की ओर से रविवार को रादौर की गोगा माढ़ी परिसर में दूसरे वार्षिक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व एसोसिएशन के सदस्यों ने प्रधान पवन वर्मा के नेतृत्व में शहर के नगरखेडे पर आयोजित हवन यज्ञ में आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना की। एसोसिएशन के प्रधान पवन वर्मा ने बताया कि स्वर्णकार एसोसिएशन की ओर से भंडारे का आयोजन पहले कस्बा के नगरखेडा परिसर में किया जाना था। मौके पर शिवकुमार वर्मा, रामकुमार वर्मा, धर्मपाल वर्मा, कुलवंत वर्मा, राजकुमार , विरेंद्र ग, दर्शन लाल , सचिन , संजीव , अमित गुप्ता, अमित , प्रियंकात जोगी, संजय वर्मा, भूषण वर्मा, देवी शरण, सतीश, ऋषभ वर्मा, आशु वर्मा व विजय आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थी खेलों में भी दिखाएं प्रतिभा: डॉ. कंग

- गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में आयोजित 56वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में चल रही 56वीं एथलेटिक मीट का समापन हो गया। समापन समारोह में मेधावी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. मेजर एचएस कंग ने की। जबकि मुख्यातिथि के रुप में खेल एवं युवा मामले निदेशालय हरियाणा की खेल उपनिदेशक कविता देवी ने भाग लिया। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रुप में राजू श्रीवास्तव मौजूद रहे। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. मेजर एचएस कंग ने बताया कि एथलेटिक मीट के समापन समारोह में गुरु नानक खालसा कॉलेज के मेधावी खिलाड़ियों जिन्होंने राष्ट्रस्तरीय व खेलो इंडिया तथा विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान हासिल किया है को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान विभिन्न स्तरों पर कई पदक जीतने वाले सिद्धार्थ गौड़, कमलेश, तमन्ना, मुस्कान, पार्थ गौड़, राय सिंह व अवदेश तिवारी को विशेष पुरष्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं, सर्वश्रेष्ठ एथलीटों में बीएससी नॉन मेडिकल तृतीय वर्ष के सुखविंदर सिंह और बीएससी स्पोर्ट्स तृतीय वर्ष की ज्योति को विशेष सम्मान से पुरस्कृत किया गया। इसी तरह बीपीएड द्वितीय वर्ष के प्रिंस और बीएससी स्पोर्ट्स तृतीय वर्ष की जेन्सी को खेल विभागों के समग्र सर्वश्रेष्ठ छात्र के रूप में पुरस्कृत किया गया है। जबकि बीएससी स्पोर्ट्स द्वितीय वर्ष ने ओवरऑल चैंपियन वर्ग का स्थान मिलने पर पुरस्कृत किया गया है। उन्होंने कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों को भी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए आहवान किया। कॉलेज गवर्निंग बॉडी और प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने विद्यार्थियों के बीच खेल भावना और समग्र विकास की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता की सराहना की।



**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में एथलेटिक मीट के समापन अवसर पर पुरस्कृत किए गए खिलाड़ी पुरस्कार पाकर अतिथियों के साथ खुशी जताते हुए।

#### कॉलेज ने खेलों में ये की प्राप्त उपलब्धियां

प्रिंसिपल ने बताया कि गुरु नानक खालसा कॉलेज ने 31 बार महिला चैंपियनशिप और 22 बार पुरुष चैंपियनशिप जीतकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। वहीं, कॉलेज ने राष्ट्रीय स्तर पर 9 पदक, खेलो इंडिया में 9 पदक, अंतर विश्वविद्यालय में 22 पदक, नॉर्थ जोन अंतर विवि में 17 पदक प्राप्त किए। खास बात यह है कि कॉलेज के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विवि की टीम का हिस्सा बनकर 128 बार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कुरूक्षेत्र विवि का प्रतिनिधित्व किया है। मौके पर डॉ. अमृता प्रीतम, प्रो.गुरविंदर कौर, डॉ. संजय अरोड़ा, डॉ. संजय विज, सुशील गुलाटी व हरलीन आईईएलटीएस सेंटर द्वारा उत्कृष्ट स्थान हासिल किए विद्यार्थियों को संयुक्त रुप से नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## शहीद मंगल पांडे की शहादत को किया नमन

- कांबोज युवा महासभा रादौर ने श्रद्धापूर्वक मनाया मंगल पांडे का शहीदी दिवस
- देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी, ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आजादी का बिगुल बजाया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

कांबोज युवा महासभा की ओर से रविवार को रादौर में शहीद मंगल पांडे का शहीदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सदस्यों ने उप प्रधान मंगतराम के नेतृत्व में शहीद मंगल पाड़े के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया। महासभा के उप प्रधान मंगतराम ने कहा कि मंगल पांडे ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। मंगल पांडे स्वतंत्रता संग्राम के पहले शहीद थे। जिन्होंने अपनी शहादत दी थी। उनकी शहादत के बाद देश की जनता ने अंग्रेजों से लोहा लिया और देश को आजाद करवाया। शहीद मंगल पांडे ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आजादी का बिगुल बजाया था। अमर शहीदों की कुर्बानी की बदौलत आज देश विकास की तरफ है। हमारे देश की सरकारों को राजनीति से ऊपर उठकर भारत देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को शहीद का दर्जा देकर सरकारी रिकार्ड में नाम बन्द सूची दर्ज करनी चाहिए। आज भी हमारे देश को अमर शहीदों के सपनों का भारत बनने में समय लगेगा। उसके लिए क्त्रान्तिकारी युवाओं का देश हित व देश विकास के लिए आगे आना जरूरी है। भारत देश में राष्ट्र त्यौहारों की तरह अमर शहीदों के जन्मदिवस व शहीदी दिवस मनाए जाने चाहिएं। इस अवसर पर अमित कांबोज, रोहित कांबोज, सुभाष, पवन व विजय आदि मौजूद रहे।

### हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर महंत से लिया आशीर्वाद

# महामंडलेश्वर महंत के दर्शनों को लेकर उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

महामंडलेश्वर महंत श्रीराम सुंदर दास महाराज के रविवार को श्रीलाल द्वारा मंदिर यमुनानगर में पहुंचने पर उनके दर्शन करने को लेकर श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा।

हजारों श्रद्धालुओं ने महाराज के चरणों में माथा टेककर उनका आशीर्वाद लिया। मौके पर करीब 100 दंपतियों ने नाम दीक्षा भी ली। महंत श्रीराम सुंदर दास महाराज के आगमन को लेकर मंदिर को खूब सजाया संवारा गया था। महाराज के दर्शन करने को लेकर सुबह से ही मन्दिर में श्रद्धालुओं का तांता लगना आरंभ हो गया था। नाम लेने वाले श्रद्धालुओं ने सुचे मुंह पहले मंदिर में स्थित श्री हनुमान मंदिर में पंडित गोपाल राज से पूजा अर्चना करवाई और फिर महाराज ने उन्हें नाम दीक्षा दी।



**यमुनानगर।** श्रीलालद्वार मंदिर में पहुंचे महामंडलेश्वर महंत श्रीराम सुंदर दास महाराज से आर्शीवाद लेते हुए श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

#### भजनों के माध्यम से बाबा लाल का गुणगान किया

नाम दीक्षा लेने वाले नरेश एवं रजनी ने बताया कि वह लंबे समय से नाम दीक्षा लेने की सोच रहे थे और आज नाम दीक्षा लेकर वह अपने आप को बहुत भाग्यशाली महसूस कर रहे हैं। इसी प्रकार राजेश्वर व अल्का ने भी नाम दीक्षा लेकर खुशी का इजहार किया। पंजाब के राजपुरा से आए भजनीक रोहन व चेतन शर्मा ने इस अपने भजनों के माध्यम से बाबा लाल का गुणगान किया। उनके भजनों पर श्रद्धालु इतने मग्न हुए कि झूमने पर मजबूर हो गए। इसके अलावा महिला संकीर्तन मंडली की सदस्यों ने भी अपने भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया। मौके पर श्री लाल द्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान रमेश मेहता, वरिष्ठ उप प्रधान योगेश शर्मा व महासचिव सुरजीत मेहता ने बताया कि महाराज सोमवार को भी श्रद्धालुओं को दर्शन, आशीर्वाद व नाम दीक्षा देंगे। इस अवसर पर सुदर्शन ऐरी, केवल लूथरा,दविंदर मेहता, नरेंद्र ओबेरॉय, आर के वोहरा, विजय शर्मा, वासुदेव वर्मा, राजीव अरोड़ा, संदीप वधवा, अतुल लूथरा, सोनू मेहता, दीपक अरोड़ा, मोनू मेहता, विक्की मेहता, रमेश दत्ता व संदीप दत्ता आदि मौजूद थे।

## रुढीवादी परंपरा बनकर रह गया है नव वर्ष: भारती

- दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी में आयोजित किया धार्मिक कार्यक्रम
- साध्वी मयंका भारती ने साध संगत को समझाया भारतीय नव वर्ष का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी मयंका भारती ने भारतीय नव वर्ष के महत्व को बताया। साध्वी मयंका भारती ने फरमाया कि भारतीय नव वर्ष को ग्रह नक्षत्रों की संपूर्ण और सटीक गणना के आधार पर ही मनाया जाता है। चैत्र मास शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को ही भारतीय नव वर्ष आता है। इसके अनुसार अब विक्रमीय संवत 2081 की शुरुआत हो रही है। उन्होंने बताया कि वैसे तो प्रत्येक राष्ट्र के लिए उसका नव वर्ष अति महत्वपूर्ण होता है। लेकिन हम भारतीयों के लिए भारत का नव वर्ष कहीं ना कहीं एक रुढ़ीवादी परंपरा बनकर रह गया है जो कि अति दुर्भाग्यपूर्ण है। दूसरों की परंपराओं को सम्मान देना बहुत अच्छी बात है। लेकिन स्वयं की परंपराओं को भुलाकर अनदेखा कर देना अति कष्टदायक है। किसी राष्ट्र का अस्तित्व इसकी सभ्यता, संस्कृति एवं परंपराओं पर ही आधारित होता है।



**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भजन संकीर्तन करती साध्वी बहनें व भाग लेती साध संगत। *फोटो: हरिभूमि*

## खबर संक्षेप



कुरुक्षेत्र। भाजपा प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के सम्मेलन में राज्यमंत्री सुभाष सुधा संबोधित करते हुए।

### भाजपा प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ का सम्मेलन आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** रेलवे रोड स्थित होटल पर्ल मार्क में भाजपा प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ का सम्मेलन आयोजित किया गया इसमं राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा जब से बीजेपी सरकार सता में आई है तो व्यापारियों के हितो में अनेक फेसले लिए गए यही नही व्यापारियों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा एक बोर्ड का भी गठन किया गया है। बीजेपी सरकार में व्यापारियों के कल्याण के लिए भविष्य में भी काम किया जाएगा।



### इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए स्वीटी रंगा ने मांगे वोट

**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी ने गांव तिगरी में दौरा कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ सुशील गुप्ता के लिए वोट की अपील की। स्वीटी रंगा ने बताया कि आज प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी से बहुत दुखी है और सभी मन बना चुके हैं कि अबकी बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनानी है। स्वीटी रंगा ने कहा कि जनता के उत्साह को देखते हुए लगता है कि इस बार हरियाणा से 10 की 10 लोकसभा सीटे इंडिया गठबंधन जीतेंगा।



### पीएम मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा: संदीप

**लाडवा।** भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को देखते हुए लोग अन्य दोनों को छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे है। भाजपा नेता संदीप गर्ग ने रविवार को लाडवा अपने कार्यालय में गांव बजीदपुर के सरपंच विक्रम कुमार व साथियों को भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के कारण ही आज पूरे देश के लोग अन्य दलों को छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं और भाजपा का दामन थाम रहे हैं।

### ओमप्रकाश शास्त्री को जिताने की अपील

**थानेसर।** एसयूसीआई कम्युनिस्ट पार्टी के लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार कामरेड ओमप्रकाश शास्त्री को जिताने के लिए पाल गड़रिया धर्मशाला कुरुक्षेत्र में मीटिंग की गई। इसकी अध्यक्षता पार्टी के राज्य सचिव कामरेड राजेन्द्र सिंह ने की। संचालन जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा ने किया। पार्टी के पोलिट ब्यूरो सदस्य. सत्यवान ने मौजूदा सरकार को पूंजीपतियों की सरकार बताया।

## जंयती एवं नागरिक अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री का स्वागत

# महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शों को अपनाएं : सैनी

### महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन से प्रेरणा लेकर सरकार ने लागू की जनहित योजनाएं : नायब सैनी



कुरुक्षेत्र। समारोह में मौजूद लोगो का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री नायब सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| !!!

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन से प्रेरणा लेकर डबल इंजन की सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओ को अमलीजामा पहनाने का काम किया है। इस डबल इंजन की सरकार ने योजनाओं का 100 प्रतिशत लाभ समाज के अंतिम प्रार्थी को देने के लिए आन लाइन पोटर्ल, बिना खर्ची बिना पर्जी के सरकारी नौकरियां, आयुष्मान व चिरआयु योजना सहित अन्य योजनाएं लागू की और बेटियों को शिक्षित करने के लिए महिला कालेज जैसी सुविधाएं देने का काम किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह रविवार को सैनी समाज सभा की तरफ से कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में महात्मा ज्योतिबा फुले की जंयती एवं नागरिक अभिनंदन को लेकर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, हरियाणा स्थानीय शहरी निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा, पूर्व सांसद गुरदयाल सिंह सैनी, उद्योगपति बाल किशन सैनी, उद्योगपति रणवीर सिंह खंडवालिया, अंशुल खंडवालिया ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश वासियों को महात्मा ज्योतिबा फुले की जंयती की बधाई देते हुए कहा कि महातमा ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन समाज को सुधारने, कुरीतियों को समाप्त करने और समाज के गरीब लोगों की सेवा करने के साथ साथ समाज को शिक्षित करने पर लगा दिया। इस महान व्यक्ति का जीवन आज भी समाज के सामने एक खुली किताब की तरह है। इस किताब को पढने वाले व्यक्ति का जीवन सफल हो जाएगा। महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शो की भारत रत्न डा. बी आर अंबडेकर, संत कबीर दास, महात्मा गांधी जैसे लोगों ने तारीफ की है। इस महान व्यक्ति के आदर्शो को आज समाज के प्रत्येक व्यक्ति अपनाने की जरूरत है।

### महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज को एक नई दिशा दी : मनोहर लाल

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेशवासियों को महात्मा ज्योतिबा फुले की जंयती पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे महान व्यक्ति के जीवन को समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आज अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले की धर्म पत्नी सावित्री भाई फुले ने बेटियों को शिक्षित करने का काम किया। इसी तरह हिसार से पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल और उसका सारा परिवार समाज की सेवा करने में लगे हुए है। उनके दरवाजे हमेशा गरीब व्यक्ति की सेवा के लिए खुले है। हरियाणा के स्थानीय शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले जैसे महान लोगों ने समाज को शिक्षित करने का काम किया। इन महान लोगों के जीवन से हमे प्रेरणा लेने की जरूरत है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक संदीप सिंह, इंद्री से विधायक रामकुमार कश्यप, रादौर से विधायक बिशन लाल सैनी, पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल, पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज, सांसद कैलाशो सैनी, पूर्व सांसद राजकुमार सैनी, पूर्व विधायक डा. पवन सैनी, पूर्व विधायक बंताराम वाल्मीकि, हरियाणा पशुधन एवं डेयरी विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, चेयरमैन कर्मवीर, चेयरमैन कमलेश सैनी, राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी, उपाध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, रणधीर सैनी, धर्मचंद सैनी, गुरनाम गजलाना, भाजपा के जिला अध्यक्ष रवि बतान, भाजपा युवा मोर्चे के जिला अध्यक्ष साहिल सुधा, रामकुमार रंबा पर मौजूद थे।

## गुरुद्वारा सचखंड पहुंचे राज्य मंत्री सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



पिहोवा। सचखंड ईश्वर दरबार जुरासी में संत बाबा मणि सिंह के साथ राज्य मंत्री सुभाष सुधा, कांग्रेस नेता हरमनदीप विर्क व अन्य गणमान्यजन। फोटो : हरिभूमि

गुरुद्वारा सचखंड ईशर दरबार जुरासी खुर्द, पिहोवा में दो दिवसीय समागम को लेकर तैयारियां पूरी हो गई है शुरू हो गई है। जानकारी देते हुए संत बाबा मनी सिंह ने बताया कि संत बाबा मान सिंह की याद में पहली बरसी पर आज सोमवार व मंगलवार को संत समागम का आयोजन करवाया जा रहा है। समागम में कीर्तनी जत्थे गुरबाणी की प्रस्तुतियां देकर संगत को निहाल करेंगे। कार्यक्रम में पहुंचे संतमहात्मा अपने मुखारबिंद से संत बाबा मान सिंह के सिद्धांतों व आदर्शों का प्रचार करके संगत को उनके बताए सदमार्ग पर चलने का संदेश देंगे। प्रैस प्रवक्ता जसबीर सिंह जस्सी ने कहा कि आज सोमवार को रागी ढाड़ी जत्था व कवि दरबार का आयोजन सुबह 10 बजे से 5 बजे तक होगा तथा कल 9 अप्रैल को लड़ीवार श्री सहज पाठ का भोग सुबह 8 बजे तथा संत समागम 10 बजे से 5 बजे तक चलेगा और निरन्तर लंगर का आयोजन चलता रहेगा। आज संत समागम से पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक हरमनदीप सिंह विर्क सहित अनेक गणमान्य जनो ने ईशर दरबार पहुंचकर समागम में माथा टेक संतों का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर एडवोकेट वीरभान बाखली, जगतार सिंह, निशान सिंह, राय वीरेंद्र सिंह, हरपाल चीका, रघबीर सिंह चट्ठा, जगदीश राठी, सुखचैन सिंह, हरदीप सिंह, जसवंत सिंह, बाबा सुरजीत सिंह, बाबा दिलबाग सिंह आदि मौजूद रहे।

### महायज्ञ में गन्ने के रस की दी जाएगी आहुति

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मसरोवर तट स्थित प्राचीन श्रीदुर्गा माता एवं राधा कृष्ण मंदिर में नवरात्रि महोत्सव पर इस बार ऋग्वेद में दिए गए श्रीसूक्त जी से मंदिर में वैदिक अनुष्ठान किया जाएगा। नवरात्रि में नौ के नौ दिन नियमित रूप से श्रीसूक्त की ऋचाओं से महायज्ञ किया जाएगा। इसमें भी खास बात यह होगी कि हवन में बिल्वपत्र की लकड़ी का प्रयोग किया जाएगा, जबकि हवन में गन्ने के रस की आहुति दी जाएगी प्राचीन श्रीदुर्गा माता एवं राधा कृष्ण मंदिर संचालक पंडित तुषार कौशिक और पंडित अभिषेक शर्मा ने बताया कि इस बार मंदिर में नवरात्रि महोत्सव खास तरीके से मनाया जाएगा। मंदिर में श्रीसूक्त की ऋचाओं से महायज्ञ किया जाएगा।



पिहोवा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते संदीप ओंकार। फोटो : हरिभूमि

### देश व प्रदेश में बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार

**पिहोवा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वामी संदीप ओंकार ने कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के साझे उम्मीदवार सुशील गुप्ता के दफ्तर में पहुंचकर उनके भाई बजरंगदास गुप्ता व अन्य कार्यकताअरं के साथ मिलकर इंडिया गठबंधन की जीत के लिए नीतियों पर चर्चा की और अपने समर्थकों को इंडिया गठबंधन जीताने के लिए समर्थकों से पुरजोर अपील की। इस अवसर पर स्वामी संदीप ओंकार ने कहा कि इंडिया गठबंधन भारत में पूर्ण रूप से मजबूत है और 10 की 10 सीटें इंडिया गठबंधन जितेगी और इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी क्योंकि भारतीय जनता पार्टी की गलत नीतियों के कारण ही आमजन उनसे रुष्ट है और बदलाव चाहती है। इसलिए ओंकार ने सभी से कहा कि जी जान से इंडिया गठबंधन को जीताने के लिए मेहनत करें और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा जो मेनिफेस्टो जारी हुआ है उसे प्रत्येक घर-घर तक पहुंचाएं।



कुरुक्षेत्र। ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराते बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पवन आश्री। फोटो : हरिभूमि

### सर्वाधिक मतों से जीत हासिल करेंगे नवीन जिंदल

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व भाजयुमो के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पवन आश्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर पार्टी प्रत्याशी नवीन जिंदल पूरे भारतवर्ष में सर्वाधिक मतों से जीत हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। उन्होंने बताया कि भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ कुरुक्षेत्र जिला की समस्त कार्यकारिणी के सदस्यों ने प्रण लिया है कि वे सभी केंद्र में भाजपा की एक बार पुनः सरकार लाने व पूरे विश्व मे भारत का नाम उज्ज्वल करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए दिन रात मेहनत कर एड़ी चोटी का जोर लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने बताया कि बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक अशोक जाढो, भाजपा की वरिष्ठ नेत्री चांद दत्ता, खेता राम, सुभाष भुसतला, विजय मल, अमित रोहिला, डॉ शीश पाल शर्मा, मेनपाल शर्मा, मितुल अरोड़ा, रमनजीत कौर, लाल सिंह, रामपाल डाबर, सुरेंदर डोगरा, राजबीर नलवी, सत प्रकाश, रजनीश सैनी, निशा माहेश्वरी, बाग सिंह आदि रहे।

## भारतीय योग संस्थान ने 130 साधकों को करवाई शंख प्रक्षालन क्रिया

- 10 अप्रैल को योग साधना केन्द्रों पर मनाएगा जाएगा संस्थान का 58वां स्थापना दिवस : ओम प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। नंगली वाली कुटिया में भारतीय योग संस्थान के सौजन्य से शंख प्रक्षालन के लिए आसान करते साधक गण। फोटो : हरिभूमि



कुरुक्षेत्र। शंख प्रक्षालन शुद्धि क्रिया के लिए योगासन करती साधिकाएं।

भारतीय योग संस्थान पंजीकृत की हरियाणा प्रांत इकाई के कृष्ण योग जिला कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में आज नंगली वाली कुटिया में करवाई गई। शंख प्रक्षालन क्रिया में 130 से अधिक साधक साधिकाओं ने भाग लेकर अपनी आहार नली को शुद्ध किया। भगवद् भजन से आरंभ हुए समारोह में भीष्म जिला प्रधान सीमा सांगवान ने सूक्ष्म क्रियाएं, ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र का उच्चारण करवाया। जिला संरक्षक हरिराम जोशी ने साधकों को शंख प्रक्षालन का महत्व बतलाकर शंख प्रक्षालन के पांच आसनों- ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटि चक्रासन, तिर्यक भुजंगासन व उदराकर्षण आसन- की विधि, सावधानियों व लाभ के बारे में बताते हुए सामान्य दिशा निर्देश देने के साथ-साथ पांचों आसनों की पांच- पांच आवृत्तियों का अभ्यास भी करवाया। जोन प्रधान नंद गोपाल बंटी ने आसनों का सुंदर प्रदर्शन किया। संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान ओम प्रकाश ने सभी साधकों को शंख प्रक्षालन के लिए शुभकामनाएं दी और इस क्रिया को सहज भाव से करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि भारतीय योग संस्थान 10 अप्रैल को विश्व भर के अपने सभी 4500 से अधिक निशुल्क योग साधना केन्द्रों पर अपना 58 वां स्थापना दिवस बड़ी श्रद्धा व धूमधाम से मना रहा है। सभी योग साधना केन्द्रों पर स्थापना दिवस अधिकतम संख्या दिवस के रूप में मनाया जाना है । इसके लिए सभी पुराने साधकों सहित आमजन तथा समाज के विशिष्ट व्यक्तियों को कार्यक्रम आयोजित कर आमंत्रित किया जाना है । इस बार कार्यक्रम के आयोजन का दायित्व केंद्र प्रमुखों को दिया गया है। उन्होंने उपस्थित साधक साधिकाओं से आह्वान किया कि 10 अप्रैल को स्थापना दिवस में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर प्रत्येक केंद्र पर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर लगाया फ्री कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। शिविर में मरीज का चेकअप करते डा. हिमांशु जैन। फोटो : हरिभूमि

डी आर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेसिलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर गांव धंतोड़ी में निशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। इसमं डॉ हिमांशु जैन ने कहा कि दुनिया भर में आज विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 2024 थीम के अंतर्गत - मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार पर कार्य किया जा रहा है। इस दिवस का प्रमुख उद्देश्य स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाना, लोगों को विभिन्न बीमारियों की रोकथाम के बारे में शिक्षित करना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों को अपने देशों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करना और कई अन्य चीजें शामिल हैं। डॉ हिमांशु जैन ने स्वस्थ रहने के टिप्स भी मरीजों को दिये, स्वस्थ रहने के लिए लोगों को प्राणायाम, योग, सैर व अपने खान-पान पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। सरपंच सुषमा रानी व समाजसेवी गुरपाल सैनी ने डॉ हिमांशु जैन ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ रूचि जैन का स्वागत किया।

### चुनाव के दौरान अवैध शराब की तस्करी पर रहेगी कड़ी नजर

**थानेसर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों के दौरान कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर कड़ी नजर रहेगी। आबकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी इस संबंध में कड़ी निगरानी रखें और समय-समय पर अधिकृत शराब ठेकों का रिकार्ड भी जांचेंगे। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकसभा आम चुनावों में आदर्श आचार संहिता के दौरान शराब की अवैध बिक्री, भंडारण एवं आपूर्ति पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए उचित कदम उठाए गए हैं।

## ऑल हरियाणा रोडवेज यूनियन ने परिचालक के साथ बस में हुए गलत व्यवहार की निंदा

- परिचालक के साथ गलत व्यवहार करने वाली लड़की के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद यूनियन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की आपात मीटिंग कुरुक्षेत्र कार्यालय में हुई। मीटिंग में प्रदेश वरिष्ठ उप प्रधान मायाराम उनियाल, डिपो प्रधान नरेंद्र पांचाल, उप प्रधान जितेंद्र शर्मा, सचिव रणजीत रंजीत करोड़ा व कोषाध्यक्ष राजेश सैनी व अन्य कई कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे। बैठक में ड्यूटी के दौरान एक लड़की द्वारा परिचालक के साथ बहुत ही गलत व्यवहार किया गया। लड़की ने परिचालक के साथ हाथापाई करते हुए उसके हाथ से टिकट मशीन छीनकर तोड़ दिया व उसके हाथ में जो पैसे थे उनको भी फाड़ दिया जोकि एक गंभीर अपराध है। डिपो प्रधान नरेंद्र पांचाल ने कहा कि आए दिन यात्रियों द्वारा बिना मतलब चालक व परिचालक के साथ नोक झोक व मारपीट आम बात हो गई है जिससे रोडवेज के चालक व परिचालकों को ड्यूटी करना मुश्किल हो रहा है।

## पूर्ण सतगुरु के बिना इंसान कभी पूर्ण भक्ति को प्राप्त नहीं कर सकता : भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



लाडवा। प्रभु श्रीराम की आरती करते उपस्थित श्रद्धालु गण व अतिथि।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा हिंदू हाई स्कूल, लाडवा में आयोजित पांच दिवसीय श्री राम कथामृत के चतुर्थ दिवस के अंर्तगत दिव्य गुरु श्रीआशुतोष महाराज जी की शिष्या प्रज्ञाचक्षु मानस मर्मज्ञा साध्वी सुश्री सची भारती ने मां शबरी के जीवन पर गहन प्रकाश डालते हुए बताया कि मां शबरी के गुरु मतंग मुनि जी ने उन्हें कहा कि तेरी कुटिया में राम आएंगे। मां शबरी प्रभु के आने का इंतजार करती है। यौवन अवस्था से लेकर वृद्ध अवस्था तक वह प्रभु का इंतजार करती रही और अंत में उनके प्रेम ,विश्वास की जीत हुई ,प्रभु उनकी कुटिया में आते हैं और उसे नवधा भक्ति प्रदान करते हैं। हर जगह गैरिक रंग के वस्त्र पहने आपको संत दिखाई देंगे पर यहां सवाल है कि हर भगवाधारी को गुरु कहना क्या उचित है। नहीं। इसके विषय में हमारे महापुरूषों ने बताया कि जो ईश्वर दिखा दे वही गुरु है। इस अवसर पर कंवरदीप सैनी मैंबर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी, करणदीप सैनी, विजय कुमार, सुरेंद्र कुमार, सुभाष हड़तानिया, जितेंद्र सिंह डायरेक्टर वर्टेक्स ओवरसीज, पंकज सैनी, अनुज टोकी, सुनील गोयल, अनमोल गर्ग व श्रीमति उर्मिला विशेष तौर पर पहुंचे।

### लोकतंत्र बचाने के लिए भाजपा को सत्ता से बाहर करेगी जनता : सुशील गुप्ता

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में रखा उपवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते आप के प्रदेशाध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की असंवैधानिक गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी की ओर से कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर के तट पर प्रदेशस्तरीय उपवास और आशीर्वाद कार्यक्रम रखा गया। इसमें इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी और प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता और प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा समेत पूरे प्रदेश की कार्यकारिणी ने हिस्सा लिया। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज देश की सभी संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर बना रही। भारत के राजनीतिक इतिहास में ये पहली बार हुआ है जब किसी सिटिंग सीएम को चुनाव के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया हो।पूरा देश देख रहा है कि किस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी ने भारत के पूरे लोकतांत्रिक सिस्टम को अपने कब्जे में किया हुआ है। जल्द ही अरविंद केजरीवाल जनता के बीच होंगे। सच्चाई और ईमानदारी की जीत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र की भूमि से नवीन जिंदल को कोयला चोर कहा था, उनको ही पार्टी में शामिल करके यहां से उम्मीदवार बना दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी की वाशिंग मशीन में डालकर नवीन जिंदल साफ हो गए हैं। नवीन जिंदल के ऊपर करीब 10 से ज्यादा मामले दर्ज है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी झूठ और जुमलों के सहारे देश का लोकतंत्र खत्म कर देना चाहते हैं। अब देश की जनता सतर्क हो गई है जो लोकतंत्र बचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर करेगी। देश के 25 राज्यों में अरविन्द केजरीवाल की असंवैधानिक गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी समर्थकों और जनता ने उपवास रखा है। बीजेपी की तानाशाही के खिलाफ पूरे देश की जनता में आक्रोश है। प्रजातंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई इंडिया गठबंधन जनता के साथ मिलकर लड़ेगा। इस अवसर पर आप नेता सुमित हिंदुस्तानी, जवाहर गोयल, विशाल खुब्बड़ सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सीएम की रैली का दिया न्यौता

**बराड़ा।** भाजपा नेत्री सोनिया परोचा जिला महामंत्री महिला मोर्चा अंबाला द्वारा हल्के के विभिन्न गांवों का दौरा किया उन्होंने महिलाओं एवं कार्यकर्ताओं को सीएम नायब सिंह सैनी के बराड़ा आगमन पर अनाज मंडी में होने वाली रैली में भारी संख्या में पहुंच कर रैली को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने महिला सशक्तिकरण एवं मोदी की गारंटी सुनिश्चित करने वाली नीतियों से भी अवगत करवाया।

### आरोपी को किया जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना नारायणगढ में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी संतोष को अदालत के आदेश पर शामिल जांच किया है। वार्ड नंबर दो के बृज मोहन ने 2 सितंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 जनवरी 2018 को आरोपी संतोष व अन्य नें उसकी जमीन को धोखाधड़ी व जालसाजी से अपने नाम करवाने का अपराधिक कार्य किया है।

### हत्या के प्रयास में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ में दर्ज मारपीट व हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपी लाभ सिंह को गिरफ्तार किया है। अब उसे एक दिन के रिमांड पर लिया है। अंबली के विशाल ने 26 मई 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी लाभ सिंह व अन्य ने उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है।

### आरोपी को किया जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी कुलदीप को न्यायालय के आदेशानुसार शामिल जांच किया है। कच्चा बाजार के ओकेश ने 23 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 जुलाई 2022 को आरोपी कुलदीप व अन्य नें उससे धोखाधड़ी करके पैसे हडपने व प्लाट की रजिस्ट्री नाम न करवाने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धमकी देने के मामले में दो आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी रवि कुमार उर्फ चौधरी व रजत को गिरफ्तार किया है। रविदास नगर के सुरेश कुमार ने 22 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13 मार्च 2024 को आरोपी हरजीत उर्फ गुड्डु व अन्य ने उसका तथा उसके पुत्र आकाश का रास्ता रोककर उनसे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है।

### 11 बोतल शराब सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना पंजोखरा क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी बलविंद्र सिंह को 11 बोतल शराब सहित काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी करता है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर आरोपी को रंगे हाथों काबू किया। तलाशी के दौरान ही उसके कब्जे से शराब जब्त की गई।

# 38 सीसीटीवी कैमरों की नजर में माता बाला सुंदरी मंदिर में श्रद्धालु टेकेंगे माथा

## 1426 में माता पिंडी के रूप में हुई विराजित, सप्तमी की रात्रि को मंदिर में होगा हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुभाष शर्मा

यहां स्थित ऐतिहासिक माता बाला सुंदरी मंदिर धार्मिक आस्था का प्रतीकह है। राजस्थान के भाटों के दस्तावेजों के अनुसार 1426 में यहां पर माता पिंडी रूप में विराजित है। यहां पर पहले नवरात्रे से लेकर चतुर्दशी तक विशाल मेले का आयोजन होता है। इस बार 9 को पहले नवरात्रे से चतुर्दशी तक यहां मेले का आयोजन होगा। 15 की सप्तमी की रात्रि को मंदिर में हवन यज्ञ होगा। इसके बाद 16 को अष्टमी मनाई जाएगी। 22 को चतुर्दशी के अवसर पर यहां विशाल मेले का आयोजन होगा। इस स्थान के बारे में कहा जाता है की यहां श्रद्धालु माता बाला सुंदरी के दर पर कुछ मांगता है तो मां बाला सुंदरी उस की हर मन्नत पूरी करती है।मन्नत पूरी होने के बाद श्रद्धालु दण्डवत प्रणाम करते हुए मां के दर पर आते है और मंदिर परिसर में भंडारा देते है। इन नवरात्रो के दिनों माता के मंदिर में श्रद्धालु लंबी लंबी कतारों में खड़े होकर माता के जय जयकारे लगाते हुए दर्शन करते है। बाला सुंदरी मंदिर का इतिहास सैकडों वर्ष पुराना है। यहां आए श्रद्धालुओं की मां झोली अवश्य भरती है।

### यह रहेगा मंदिर का कार्यक्रम

मंदिर कमेटी के सचिव अशोक राणा ने बताया कि मंदिर में चौदह दिवसीय नवरात्र मेला 9 से आरम्भ होकर 23 अप्रैल तक जारी रहेगा। इस दौरान 15 को सप्तमी की रात मंदिर प्रांगण में हर साल की तरह हवन यज्ञ होगा। वहीं 17 को राम नवमी के अवसर पर रामायण पाठ होगा। मां भगवती के जागरण का आयोजन 21 को किया जाएगा। 22 को चतुर्दशी पर मेले का आयोजन होगा। इस दिन मंदिर कमेटी की और से कुश्तियों का भी आयोजन होगा। 23 को पूर्णिमा पर हनुमान जयंती भी मनाई जाएगी। मंदिर में भीड़ पर नजर रखने के लिए 38 सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। इसके अलावा मेले में श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में ठहरने की व्यवस्था की गई है।



### 1426 में हुआ था मंदिर का निर्माण

कुछ वर्ष पहले वर्ष माता बाला सुंदरी मंदिर का रिकॉर्ड राजस्थान के भाटों के यहां से प्राप्त हुआ है। भाटों के अनुसार वह मुलाना में क्षत्रीय समाज के यहां साल में एक बार जाते हैं।भाटों ने मंदिर कमेटी को बताया कि कस्बे को 1422 में बसाया गया था। मां बाला सुंदरी मंदिर का निर्माण सन 1426 में कराया गया था। 1425 में गांव के नंबरदार सोराज सिंह के सपने में माता ने दर्शन देकर मंदिर का निर्माण कराने ट साथ ही ताल की खुदाई कराने की बात कही गई थी। ऐसी लिखित बातें भाटो के दस्तावेजों में दर्ज है।

### लोगों को हो रही थी प्लेग की बीमारी

एक दंत कथा प्रचलित है कि एक बार गांव में प्लेग की भयानक बीमारी फ़ैल गई थी। लोग इस बीमारी से भयग्रस्त थे। प्लेग की चपेट में आने से गांव में हर रोज मौते हो रही थी। कहते है कि गांव के लोग दाह संस्कार कर के लौटते ही थे कि कोई न कोई व्यक्ति तब तक गांव में मृत अवस्था में मिलता था। पूरे गांव में प्लेग की भयकंर बिमारी ने लोगो में भय पैदा कर रखा था। तभी इसी दौरान गांव के साथ लगती मारकंडा नदी में से एक चुड़िया बेचने वाला गुजर रहा था तो रास्ते में उसे एक कन्या दिखाई दी। वह कन्या दौड़ कर उस चूड़ी बेचने वाले के समीप आई और उस कन्या ने उस से चूड़ी पहनाने की जिद की। उस की जिद को देख कर चूड़ी बेचने वाले व्यक्ति ने उसकी दोनों बाजुओं में चूड़ी पहना दी तभी उस कन्या ने तीसरी बाजु भी आगे कर दी।इस घटना से चूड़ी बेचने वाला घबरा गया तथा वहां से आकर उस ने यह बात गांव के लोगों को बताई। लोगों ने उसे समझाया कि घबराने की आवश्यकता नहीं है। कन्या के रूप में दिए दर्शन मां भगवती का अवतार है।गांव में मां भगवती का आगमन हो चुका है। अब शीघ्र ही सब कुछ ठीक हो जाएगा। कहते है कि उसी रात मां बाला सुंदरी ने गांव के नंबरदार के स्वप्न में आकर एक स्थान दिखाते हुए कहा कि इस स्थान पर 5 ईंटें रख कर उस के भवन का निर्माण करवाया जाए।अगली सुबह ऐसा करते ही गांव से प्लेग की भयंकर बीमारी ख़त्म हो गई।

## किसानों की रिहाई को लेकर हरियाणा-पंजाब सहित कई राज्यों में हुआ प्रदर्शन

# किसानों ने पीएम-सीएम के पुतलों की अर्थी निकाली, कचहरी चौक पर आग के हवाले

### युवा किसान को हिरासत में पुलिस पर टॉर्चर करने का भी आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शंभू बॉर्डर पर किसान आंदोलन-2 की अगुआई कर रहे पंजाब के किसान नेता सरवण सिंह पंधेर को तमिलनाडू पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पंधेर के साथ ही पुलिस ने चार अन्य किसान नेताओं को भी हिरासत में लिया है। शनिवार को ही किसान नेता सरवण सिंह पंधेर, गुरमीत सिंह मांगट, मनजीत सिंह राय व हरविंदर सिंह मसानिया तमिलनाडु पहुंचे थे। रविवार को जिला कोयंबटूर में पुलिस ने चारों किसानों को गिरफ्तार कर लिया। किसान यहां केंद्र सरकार का पुतला फूंक रहे थे। इससे पहले ही पुलिस ने किसान नेताओं को रोक दिया। इसको लेकर पंधेर की तमिलनाडू पुलिस के अधिकारियों के साथ तकरार भी हुई। पंजाब के युवा किसान शुभकरण की मौत के बाद हरियाणा-पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर शांतिप्रिय प्रदर्शन कर रहे किसान अब युवा किसान नवदीप सिंह की गिरफ्तारी के बाद आंदोलन तेज करने जा रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा एवं किसान-मजदूर मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने रविवार को कई जगह केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करते हुए पुतले आग के हवाले किए।





अंबाला। केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ रोष मार्च निकालते किसान।

### पीएम व सीएम के पुतले फूंके

जिले में भी रविवार को किसानों ने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि युवा किसान नवदीप सिंह को साजिश के तहत पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के बाद उसे पुलिस हिरासत में टॉर्चर किया गया। इस दौरान उसे गंभीर चोटें आई। विरोध प्रदर्शन के लिए सुबह ही अंबाला शहर की अनाजमंडी में जमा हुए थे। किसान अनाज मंडी से अर्थी यात्रा निकालते हुए कचहरी चौक पहुंचे। यहां सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए प्रधानमंत्री और हरियाणा सीएम का पुतला फूंका। किसानों ने 9 को शंभू बॉर्डर के पास रेलवे ट्रैक को अनिश्चित काल के लिए जाम करने का ऐलान किया है। इसके बाद से रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए जरुरी बंदोबस्त किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने यह बात मानी है कि अगर किसान रेलवे ट्रैक पर बैठते हैं तो दिल्ली से पंजाब आने वाली काफी ट्रेनें प्रभावित होंगी।

### गिरफ्तार किसानों की रिहाई की मांग

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) एवं किसान-मजदूर मोर्चा के आह्वान पर 13 फरवरी से शंभू व खनौरी बॉर्डर पर किसान आंदोलन चल रहा है। पुलिस ने कई किसान नेताओं को गिरफ्तार भी किया गया। किसानों का कहना है कि 10 फरवरी के बाद से हरियाणा में सैकड़ों किसानों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इनमें से 5 किसान नेता अब भी जेल में हैं। इनमें रविंदर सिंह और अमरजीत सिंह 13 फरवरी से, अनीश खटकड़ 19 मार्च से जींद जेल में बंद हैं। 28 मार्च को युवा किसान नेता नवदीप सिंह जलबेहड़ा और गुरकीरत सिंह को गिरफ्तार किया गया। नवदीप को पुलिस ने तीन दिन तक रिमांड पर गहन पूछताछ भी की। उसकी मां का आरोप है कि तीन दिन तक पुलिस ने उसके बेटे पर थर्ड डिग्री इस्तेमाल कर गंभीर चोटें पहुंचाई हैं।

# रोड शो व राजनैतिक जनसभा में स्कूली छात्रों की नहीं होगी हिस्सेदारी

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के लिए जारी की गाइडलाइन, हर कार्यक्रम की लेनी होगी परमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने कहा कि आदर्श आचार संहिता की अनुपालना करना हम सबका दायित्व हैं। आदर्श आचार संहिता की पालना करके चुनाव का बेहतर तरीके से सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जा सकता हैं। मतदाताओं के साथ-साथ प्रत्याशी को भी चुनाव प्रक्रिया के तहत सुगमता उपलब्ध हो इसके लिए आयोग द्वारा कई ऐप लांच किए गए हैं। प्रत्याशियों की बात करें तो सुविधा ऐप के माध्यम से प्रत्याशी चुनावी गतिविधियों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इसके अलावा ऑनलाइन नामांकन की सुविधा प्रदान की गई है। एप पर लॉगिन करने के बाद प्रत्याशी शपथ पत्र, प्रस्तावक की सूचना और नामांकन की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सुविधा कैंडिडेट एप उम्मीदवारों को उनके नामांकन और चुनाव प्रचार से संबंधित चाही गई अनुमति की स्थिति की जांच करने की सुविधा देता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक लेकर पहले ही उन्हें स्पष्ट कर दिया हैं कि चुनाव आयोग की जो हिदायतें हैं, उनकी शत-प्रतिशत अनुपालना सुनिश्चित करनी है। उन्होंने बताया गया है कि 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और यह आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने तक जारी रहेगी। प्रत्याशी को चुनाव प्रचार के तहत जनसभा के लिए परमिशन लेनी होगी, बिना परमिशन के कोई भी जनसभा नही होगी। जो स्थान चिन्हित किए गए हैं। रैली के लिए भी स्थान निर्धारित किए गए हैं। कोई भी प्रत्याशी सरकारी गाड़ी का प्रयोग नहीं करेगा। लाउडस्पीकर के लिए भी परमिशन लेनी होगी। जो भी गाड़ी चुनाव प्रचार के लिए प्रयोग में लाई जाएगी उसकी परमिशन लेनी होगी। परमिशन संबंधी स्लिप गाड़ी के आगे और पीछे चस्पा होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव से संबंधित किसी भी तरह के पोस्टर, पम्फलेट के कार्य के लिए प्रिंटिंग प्रेस का नाम, मुद्रक का नाम भी बताना होगा। अनाधिकृत जगह पर यह सामग्री चस्पा नहीं होगी। प्रशासन द्वारा फ्लाइंग स्क्वायड व अन्य टीमें गठित की गई हैं जोकि हर गतिविधि पर नजर रख रही है।

# सुल्लर में सरकारी स्कूल के छात्रों को अब मिलेगी कंप्यूटर की बेहतर शिक्षा

- पंचायत ने दस कंप्यूटर उपलब्ध करवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजकीय उच्च विद्यालय गांव सुल्लर में विद्यालय की मुख्य अध्यापिका परमजीत कौर एवं गांव सुल्लर की सरपंच मोहनजीत कौर तथा गांव पंचायत के सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति में विद्यालय को 10 कंप्यूटर प्रदान किए गए। इस अवसर पर सरपंच मनजीत कौर ने कहा कि इस युग में कंप्यूटर का बहुत महत्व है। हर क्षेत्र में लोग कंप्यूटर का प्रयोग कर रहे हैं। कंप्यूटर हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन चुका है। चाहे ऑफिस हो या फिर अस्पताल, मॉल, घर हर जगह हमें कंप्यूटर की जरूरत पड़ती है। कंप्यूटर हमें डाटा को स्टोर करने गणना करने और हमें संगठित तरीके से काम करने में मदद करते हैं। इससे काफी तरह के कार्यों में गति और अकाग्रता से समय और धन की बचत करने में काम आता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि जसमीत सिंह टोनी, पूर्व सरपंच धर्मपाल, कुलदीप, जसमेर सिंह, श्यामचंद, नंबरदार मनदीप कुमार, रणबीर सिंह प्रधान गौशाला, बलजिंदर सिंह तथा गांव पंचायत के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। इस योगदान के लिए विद्यालय की मुख्याध्यापिका एवं विद्यालय के स्टाफ ने गांव पंचायत सुल्लर का आभार प्रकट किया है।



अंबाला। स्कूल की प्रधानाचार्य को कंप्यूटर प्रदान करते पंचायत प्रतिनिधि व अन्य।

# जिस हृदय में गुरु भक्ति प्रकट हो जाती है वह हो जाता परम पावन





नारायणगढ़। सत्संग में प्रवचन देती वक्ता व मौजूद श्रद्धालु।

- दिव्य ज्योति जागृति संस्थान में आयोजित हुआ साप्ताहिक सत्संग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

रविवार को दिव्य ज्योति जागृति संस्थान हुसैनी रोड स्थित आश्रम में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें सर्वश्री आशुतोष महाराज की परम शिष्या साध्वी हेमसुदा भारती और साध्वी रेनू भारती ने गुरू भक्ति की महिमा को समझाया। उन्होंने कहा कि जिस हृदय में गुरु भक्ति प्रकट हो जाती है वह परम पावन हो जाता है। उसे ज्ञान के मार्ग पर चलते हुए गुरूदेव की आज्ञाओ पर भी चलना पड़ता है। उसे विचार, वैराग्य, और अनुराग के मार्ग पर चलकर आत्मा को परमात्मा की ओर लेकर जाता है। गुरू अपने शिष्य के भीतर छिपे गुणों का संचार करने के लिए साम, दाम, दंड भेद हर तरह से उसके अवगुणों पर प्रहार करते हैं। गुरु की भक्ति करने वाले भक्त को गुरु के अनुसार चलना पड़ता है गुरु उसकी इच्छाएं पूर्ण नहीं करते बल्कि उनकी सभी इच्छाओं को समाप्त कर देते हैं जो सांसारिक बंधन का कारण बनती हैं। गुरू भक्ति एक भक्त की वह सर्वश्रेष्ठ अवस्था है जो तभी प्राप्त हो सकती हैं जब वह अपना अहंकार छोड़कर उस दिव्य सत्ता परमात्मा के साकार स्वरूप के चरणों में समर्पण करता है। उन्होंने बताया कि त्रेता युग में भगवान राम की मृत्यु निकट थी, तब भगवान राम हनुमान को बैकुंठ धाम ले जाना चाहते थे, तब हनुमान जी ने राम से पूछा क्या आप बैकुंठ में होंगे, तो भगवान राम ने कहा कि मैं स्वयं भगवान राम के रुप में नहीं रहूंगा लेकिन मैं भगवान महाविष्णु के रूप में वहां रहूंगा। तब हनुमान ने उत्तर दिया मैं ऐसी जगह नहीं जाऊंगा,जहां भगवान राम नहीं है, मैं आपके नाम का ध्यान करता रहूंगा। एक रिवाज है जहां भगवान राम का नाम भक्ति और श्रदा के साथ लिया जाता है, उस स्थान पर हनुमान बैठे होंगे। सत्संग के बाद साध संगत ने लंगर का प्रसाद भी ग्रहण किया।

# निजी प्रकाशकों की किताबें लगवाने से छात्रों के परिजन परेशान

**बराड़ा।** हर साल स्कूलों में दाखिलों के दौर में स्कूलों की मनमानी से अभिभावक परेशान रहते हैं। इसी को लेकर अभिभावकों ने निजी स्कूलों की मनमानी व प्राइवेट पब्लिकेशनस की किताबों को लगवाने के खिलाफ राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को शिकायत भेजकर मामले में दखल देन व उचित कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। अभिभावक सुशील कुमार ने एनसीपीसीआई के चेयरमैन को ई मेल से भेजी शिकायत में कहा कि उसके बच्चे क्षेत्र के एक निजी स्कूल में पढ़ते है। उन्होंने कई बार स्कूल प्रिंसिपल व स्टाफ को कहा कि वह अपने स्कूल में एनसीईआरटी की किताबें लगवाएं लेकिन स्कूल ने अभी तक भी ऐसा नहीं किया है। स्कूल ने एक-दो विषयों को छोडक़र बाकी सभी अन्य किताबें निजी प्रकाशकों की लगा रखी है। शिकायतकर्ता ने कहा कि स्कूल में लगवाई गई किताबें भी केवल तयशुदा एक ही बुक स्टोर पर मिलती हैं। इसके कारण वह बुक डिपो संचालक भी मनचाहे दामों पर किताबों को बेचता है। जब उससे पक्का बिल मांगा जाता है तो वह ऐसा करने से साफ इंकार कर देता है। परिवादी ने निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की बुक्स लगाए जाने की मांग की है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## चित्रा बोली-नौकरियों में महिलाओं को 50% आरक्षण सुनिश्चित करेगा आधी आबादी की आधी भागीदारी

# कांग्रेस घोषणापत्र में 30 लाख नौकरियों का ऐलान युवाओं के लिए बड़ी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने कांग्रेस के घोषणापत्र में युवाओं के मुद्दों को प्राथमिकता देने के लिए पार्टी हाईकमान व घोषणापत्र समिति का धन्यवाद किया है। उनका कहना है कि बेरोजगारी पर लगाम लगाने और युवाओं को न्याय दिलाने के लिए पार्टी ने 30 लाख पक्की भर्तियां करने का ऐलान किया है। इसी दिशा में हरियाणा कांग्रेस ने भी 2 लाख से ज्यादा पदों पर पक्की भर्ती करने का वादा किया है। प्रदेश में कौशल निगम तो केंद्र में अग्निवीर जैसी योजनाओं के जरिए बीजेपी पक्की नौकरियों को खत्म कर रही है। इसके चलते युवाओं में व्यापक हताशा देखने को मिल रही है। लेकिन कांग्रेस के घोषणापत्र से युवाओं में एक नई उम्मीद का संचार होगा। कांग्रेसजन इसे घर-घर और जन-जन तक पहुंचाएंगे। चित्रा ने नौकरियों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आधी आबादी की आधी भागीदारी सुनिश्चित करने में यह कदम बेहद कारगर साबित होगा। साथ ही हर ग्रेजुएट और डिप्लोमाधारी को एक लाख रूपये सालाना स्टाइपेंड की अप्रेंटिसशिप की गारंटी भी युवाओं के लिए क्रांतिकारी कदम है। भर्ती घोटालों से त्रस्त युवाओं को न्याय दिलाने के लिए पेपर लीक के खिलाफ नया कानून बनाकर भर्ती प्रक्रिया की विश्वसनीयता फिर से स्थापित की जाएगी। इतना ही नहीं ₹5000 करोड़ के राष्ट्रीय कोष से ज़िला स्तर पर युवाओं को स्टार्ट-अप फंड देकर उन्हें उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहन राशि मुहैया करवाई जाएगी। चित्रा रविवार को अंबाला छावनी के हलवाई बाजार,हनुमान मार्किट,सब्जी मंडी,राम बाजार रोड पर 'घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' अभियान के तहत लोगों से मुलाकात की।इस अवसर पर सभी बाजारों में उनका दुकानदारों द्वारा फूल मालाओं से व पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।इस अवसर पर उनके साथ पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर दुर्गा सिंह अत्री,डिप्टी मेयर सुधीर जायसवाल, यादव समाज के प्रधान करण यादव व अनेको वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कांग्रेस द्वारा हर एक गरीब परिवार की महिला को सालाना 1 लाख की मदद,आशा वर्कर,मिड डे मील और आंगनवाड़ी वर्कर्स को ज़्यादा सैलरी,दोगुने सरकारी योगदान, मनरेगा मजूदरों को 400 रुपए रोज दिहाड़ी देने जैसे क्रांतिकारी वादे भी न्यायपत्र में किए हैं।

कांग्रेस द्वारा किए गए ऐलान से स्पष्ट है कि पार्टी के पास भविष्य का रोडमैप है, जो हर वर्ग को न्याय व भागीदारी देने में सक्षम है। सामाजिक-आर्थिक समानता के लिए पार्टी ने हर व्यक्ति और हर वर्ग की गिनती या जातीय जनगणना का ऐलान किया है।



अंबाला। हर घर कांग्रेस अभियान के दौरान लोगों से मुलाकात करती कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा।